# Kendriya Vidyalaya – Hindi

# केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

## आवधिक परीक्षा –1

विषय –हिंदी  कक्षा–आठवीं  अवधि– 1:30 घंटे        पूर्णांक 40

टिप्पणी :    सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
  प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

---

1) निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए–  (1*5= 5)

विकास चाहे देश का हो अथवा व्यक्ति का वह बहुत कुछ तकनीकी की उचित वृद्धि से जुड़ा होता है। तकनीकी उन्नति वहां होती है जहां विज्ञान के उच्च कौशल और पेशेवर वैज्ञानिकों द्वारा नए आविष्कार होते हैं। यह कहा जा सकता है कि तकनीकी–विज्ञान और विकास में एक दूसरे की समान भागीदारी है। विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में विकास किसी भी देश के लोगों के लिए एक–दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए बहुत आवश्यक है। विज्ञान और तकनीकी विकास तथ्यों के विश्लेषण और उचित समय पर निर्भर करता है। प्रौद्योगिकी का विकास सही दिशा में विभिन्न वैज्ञानिक खोजों को सही ढंग से लागू करने से ही हो सकता है।

I) तकनीकी की उचित वृद्दि से क्या जुड़ा है?
II) तकनीकी उन्नति कहाँ होती है?
III) तथ्यों के विश्लेषण और उचित समय पर क्या निर्भर करता है?
IV) सही दिशा में प्रौद्योगिकी का विकास कैसे हो सकता है?
V) आवश्यक शब्द का विलोम लिखिए।

2) निम्न पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए–  (1*5= 5)

अभी न होगा मेरा अंत
अभी अभी तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत
अभी न होगा मेरा अंत
हरे–हरे ये पात
डालियाँ कलियाँ कोमल गात

मैं ही अपना स्वप्न मृदुल कर
फेरुंगा इन निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर
पुष्प–पुष्प से तंद्रालस लालसा खीच लूँगा मैं
अपने नवजीवन का अमृत सहर्ष सींच दूंगा मैं

1) कवि और कविता का नाम लिखिए।
2) कवि के अनुसार उसका अंत अभी क्यों नहीं होगा ?
3) कवि निद्रित कलियों के साथ क्या करना चाहता है?

4) प्रत्यूष का अर्थ बताइए?

5) कवि पुष्पों को किस प्रकार जगाने वाला है?

3) निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए– (1*5= 5)

एकाएक बस रुक गई। मालूम हुआ कि पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया है। ड्राइवर ने बाल्टी में पेट्रोल निकाल कर उसे बगल में रखा और नली डालकर इंजन में भेजने लगा। अब मैं उम्मीद कर रहा था कि थोड़ी देर बाद बस कंपनी के हिस्सेदार इंजन को निकालकर गोद में रख लेंगे और उसे नाली से पेट्रोल पिलाएंगे, जैसे मां बच्चे के मुंह में दूध की सीसी लगाती है।

बस की रफ्तार अब पंद्रह–बीस मील हो गई थी। मुझे उसके किसी हिस्से पर भरोसा नहीं था। ब्रेक फेल हो सकता है, स्टियरिंग टूट सकता है। प्रकृति के दृश्य बहुत लुभावने थे। दोनों तरफ हरे भरे पेड़ से जिन पर पक्षी बैठे थे जिनपर पक्षी बैठे थे। मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था। जो भी पेड़ आता, डर लगता कि इससे बस टकराएगी। वह निकल जाता तो दूसरे पेड़ का इंतजार करता। झील दिखती तो सोचता कि इसमें बस गोता लगा जाएगी।

क) बस एकाएक क्यों रुक गई?

ख) लेखक हिस्सेदार साहब के बारे में क्या उम्मीद करने लगा था?

ग) बस की रफ्तार अब कितनी हो गई थी?

घ) लेखक हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रह था?

ङ) लेखक झील देखकर क्या सोच रहा था?

3) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (3*3= 9)

क) 'बचपन मे लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाया करता था? वह बदलू को बदलू मामा न कहकर बदलू काका क्यों कहता था?

ख) कवि ने अपने आने को उल्लास और जाने को आँसू बनकर बह जाना क्यों कहा है?

ग) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों कहा है?

4) भारत की खोज के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (2*3= 6 )

क) आखिर यह भारत है क्या? अतीत में यह किस विशेषता का प्रतिनिधित्व करता था?

ख) भारत यूरोप को तुलना में तकनीकी विकास की दौड़ में क्यों पिछड़ गया?

ग) 'भारत माता की जय' आपके विचार से इस नारे में किसकी जय की बात कही जाती है?

5) निम्न शब्दों के दोनों अर्थ स्पष्ट करने वाले वाक्य बनाइए – क)जल ख)हार 1*2= 2

6) निम्न शब्द–समूहों मे विशेष्य और विशेषण अलग–अलग लिखिए ½*2= 1

क)कोमल गात ख) मृदुल वसंत

7) निम्न की संधि कीजिए– 1*2= 2

क) रवि+ इन्द्र ख) संग्रह+ आलय

8) पुस्तकालय में अपनी पसंद की पुस्तकें मंगाने के लिए प्राचार्य को पत्र लिखिए। (5)

***********